बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज दिनांक–29.11.2025 को आगामी वर्ष 2026 में आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं यथा– इन्टरमीडिएट/मैट्रिक वार्षिक एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षाएँ, डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, डी०एल०एड० प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, डी०पी०एड० परीक्षा एवं सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के वर्ग–6 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा इत्यादि से संबंधित वार्षिक परीक्षा कैलेण्डर जारी किया गया।

2. आज जारी वर्ष 2026 के वार्षिक परीक्षा कैलेण्डर के अनुसार इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 का आयोजन दिनांक **02.02.2026 से 13.02.2026** तक दो पालियों में किया जाएगा। मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, 2026 का आयोजन दिनांक **17.02.2026 से 25.02.2026** तक दो पालियों मे किया जाएगा।

3. समिति द्वारा इण्टरमीडिएट, मैट्रिक एवं विविध परीक्षाओं के आयोजन हेतु वर्ष 2026 का वार्षिक कैलेण्डर निम्नवत् है:–

इंटरमीडिएट परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित गतिविधियों के लिए वर्ष 2026 का कैलेण्डर

माह	क्र.सं.	गतिविधि	तिथि/माह
जनवरी	1	इन्टरमीडिएट वार्षिक (प्रायोगिक) परीक्षा, 2026 के आयोजन की तिथि।	10.01.2026 से 20.01.2026 तक
	2	इन्टरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 का मूल प्रवेश–पत्र अपलोड करने, शिक्षण संस्थानों के प्रधान द्वारा डाउनलोड करने एवं परीक्षार्थियों को वितरित करने की तिथि	16.01.2026 से 31.01.2026 तक
	3	इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 हेतु सह परीक्षकों एवं प्रधान परीक्षकों का मूल नियुक्ति पत्र समिति के वेबसाईट पर जारी करने एवं इस हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में नियुक्ति पत्र भेजा जाना।	जनवरी, 2026
फरवरी	4	इन्टरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 के लिए निर्धारित तिथि।	02.02.2026 से 13.02.2026

Date of Examination	Faculty	1st Sitting (9:30 AM to 12:45 PM) ("Cool off" time-09:30 AM to 09:45 AM)	Faculty	2nd Sitting (2:00 PM to 5:15 PM) ("Cool off" time-02:00 PM to 02:15 PM)
02-02-2026 (Monday)	I.Sc	119 - Biology	I.A.	326 - Economics
	I.A.	320 - Philosophy	I.Com	219 - Economics
03-02-2026 (Tuesday)	I.Sc	121- Mathematics	I.A.	322 - Political Science
	I.A.	327 - Mathematics	Voc	402- Foundation Course